संख्या- 11 /2019 / 182 /चार-2019

प्रेषक,

जितेन्द्र कुमार
प्रमुख सचिव ,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,
संस्कृति निदेशालय, उ0प्र0,
जवाहर भवन, लखनऊ ।

संस्कृति अनुभाग: लखनऊ: दिनांक 28 जनवरी , 2019

विषय:- दिनांक 24 जनवरी, 2019 को उत्तर प्रदेश दिवस एवं दिनांक 26 जनवरी, 2019 गणतन्त्र दिवस समारोह-2019 के अवसर पर गत वर्ष की भांति विभिन्न राज्यों के सांस्कृतिक दलों की प्रस्तुतियां की प्रशासनिक/वित्तीय स्वीकृति के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक अपने पत्र संख्या- 3949/सं0नि0-15(58)/2017-18 दिनांक 19 जनवरी, 2019 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

2- इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि दिनांक 24 जनवरी, 2019 को उत्तर प्रदेश दिवस एवं दिनांक 26 जनवरी, 2019 गणतन्त्र दिवस समारोह-2019 के अवसर पर गत वर्ष की भांति विभिन्न राज्यों के सांस्कृतिक दलों की प्रस्तुतियो हेतु रू0 21.00 लाख की प्रशासनिक/वित्तीय स्वीकृति के सम्बन्ध में उपलब्ध कराये गये प्रस्ताव पर शासन द्वारा सम्यक् विचारोपरान्त रू0 21.00 लाख (रूपये इक्कीस लाख मात्र) की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति निम्न शर्तो के अधीन प्रदान की जाती है:-

(1) समस्त कार्यो का भौतिक सत्यापन कराने तथा भौतिक सत्यापन समिति की रिपोर्ट शासन को अवलोकित कराने के उपरान्त ही, भुगतान की कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।
(2) उक्त स्वीकृति धनराशि का आहरण/ उपयोग नियमानुसार किया जायेगा। धनराशि आहरित करके बैंक/पोस्ट आफिस में जमा नहीं की जायेगी।
(3) कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले कलाकारों की सूची, कलाकारों के निर्धारित मानदेय तथा भुगतान किये गये मानदेय का विवरण।
(4) उक्त स्वीकृति धनराशि का उपयोगिता प्रमाण पत्र तथा सम्पन्न कराये गये कार्यक्रमों पर व्यय विवरण, बिल बाउचर्स सहित उपलब्ध कराया जायेगा।
(5) प्रत्येक कार्यक्रम के सम्बन्ध में कार्यक्रम प्रभारी द्वारा भौतिक सत्यापन रिपोर्ट को सत्यापित करके उपलब्ध कराया जायेगा।

3- उक्त धनराशि रू0 21.00 लाख (रूपये इक्कीस लाख मात्र) चालू वित्तीय वर्ष 2018-19 के आय-व्ययक के अनुदान संख्या-92- के अधीन लेखाशीर्षक-2205-कला एवं संस्कृति-001-निदेशन एवं प्रशासन-03-संस्कृति निदेशालय-42अन्य व्यय में उपलब्ध धनराशि से वहन किया जायेगा।

भवदीय,

(जितेन्द्र कुमार)
प्रमुख सचिव

संख्या- 11 /2019/ 182 /चार-2019 तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- प्रधान महालेखाकार, (लेखा व हकदारी) प्रथम, उ0प्र0 इलाहाबाद।
2- वित्त नियंत्रयक, संस्कृति निदेशालय, उ0प्र0 जवाहर भवन, लखनऊ।
3- मुख्य कोषाधिकारी, कोषागार, जवाहर भवन, लखनऊ।
4- वित्त (लेखा) अनुभाग-1/वित्त (ई-7) अनुभाग
5- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(जितेन्द्र कुमार)
प्रमुख सचिव

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in/